an>

Title: Regarding shifting of place of loading/unloading of goods at Raxaul Railway siding in Bihar.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र के रक्सौल में बिल्कुल शहर के बीचों-बीच रेलवे स्टेशन स्थित है। वहां पर प्रतिदिन एक रैक क्लिंकर उतरता है। तीस दिनों में लगभग 27 रैक क्लिंकर शहर के बीचों-बीच उतरता है। उसको ओपनली जेसीबी मशीन से हटाया जाता है। वहां कोई पानी पटाने की सुविधा नहीं है। उसके चलते मेरे रक्सौल शहर के लगभग 70औ प्रतिशत लोग सांस की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। इस पूरे रैक का एक किलो हिस्सा भी हिंदुस्तान के काम में नहीं आता है। यह पूरा का पूरा रैक नेपाल में सीमेंट उद्योग के काम में आता है। नेपाल का ऑलरेडी एक ड्राइपोर्ट मेरे लोक सभा क्षेत्र में है। आपके द्वारा माननीय रेल मंत्री जी से मेरा यह निवेदन है कि ये जो क्लिंकर के रैक आते हैं, उनको रक्सौल शहर के स्टेशन पर न उतार कर रक्सौल के बीरगंज के ड्राइपोर्ट पर उतारा जाए। वहां पर लगभग 70औ प्रतिशत जमीन खाली पड़ी हुई है। उससे नेपाल का काम भी चल जाएगा और जो हमारे शहर में, पूरे इलाके में जो धूल का गुबार उड़ता है, क्लिंकर का गुबार उड़ता है, उससे रक्सौल शहर को मुक्ति भी मिल जाएगी।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. संजय जायसवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।